# 25 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स-Download Pdf

By **admin** - September 25, 2019

> *Visit Daily: www.studymasterofficial.com (YOUTUBE – STUDY MASTER)*
>
> *Like share & subscribe*
>
> *www.studymasterofficial.com*
>
> *join telegram for pdfs https://t.me/studymaster*

# 25 सितम्बर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (CURRENT AFFAIRS ) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

प्रश्न 1. फोर्ब्स के द्वारा जारी की गयी दुनिया की 250 सबसे सम्मानित कंपनियों में भारत की किस आईटी कंपनी को तीसरा स्थान मिला है?
क. टीसीएस
ख. विप्रो
ग. इन्फोसिस
घ. गूगल

**उत्तर:** ग. इन्फोसिस – फोर्ब्स के द्वारा जारी की गयी दुनिया की 250 सबसे सम्मानित कंपनियों में भारत की आईटी कंपनी इन्फोसिस को तीसरा स्थान मिला है. इस लिस्ट में अमेरिका की ग्लोबल पेमेंट टेक्नोलॉजी कंपनी को पहला और इटली की कार कंपनी फेरारी को दूसरा स्थान मिला है.

---

प्रश्न 2. पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक पर किसने 6 महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया है?
क. सुप्रीमकोर्ट
ख. केंद्र सरकार
ग. निति आयोग
घ. आरबीआई

**उत्तर:** घ. आरबीआई – आरबीआई ने हाल ही में पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक पर 6 महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया है. जिसके मुतबिक, बैंक अब नए लोन नहीं दे सकेगा और ना ही पुराने लोन रिन्यू कर सकेगा. साथ ही कोई भी निवेश और नहीं कर सकेगा ना ही कर्ज या जमा ले सकेगा. बैंक के खाताधारक अब 1000 रुपए से ज्यादा नहीं निकाल पाएंगे.

---

प्रश्न 3. ऊकला के द्वारा जारी की गयी स्पीडटेस्ट ग्लोबल इंडेक्स रिपोर्ट के मुतबिक, भारत मोबाइल इंटरनेट स्पीड के मामले में कौन से स्थान पर रहा है?
क. 50वें
ख. 70वें
ग. 131वें
घ. 148वें

**उत्तर:** ग. 131वें – ऊकला के द्वारा जारी की गयी स्पीडटेस्ट ग्लोबल इंडेक्स रिपोर्ट के मुतबिक, भारत मोबाइल इंटरनेट स्पीड के मामले अपने पडोसी देश पाकिस्तान और श्रीलंका से भी पिछड़कर 131वें स्थान पर रहा है. मोबाइल इंटरनेट स्पीड के मामले में श्रीलंका 83वें और पाकिस्तान 118वे स्थान पर रहा है जबकि नेपाल 10.78Mbps की स्पीड के साथ 130वे स्थान पर रहा है.

---

प्रश्न 4. नवजात शिशुओं में आनुवांशिक रोगों से निपटने के लिए किसने "उम्मीद" नाम की पहल का शुभारंभ किया है?
क. निति आयोग
ख. रामनाथ कोविंद
ग. नरेंद्र मोदी
घ. डॉ. हर्षवर्धन

**उत्तर:** घ. डॉ. हर्षवर्धन – भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने हाल ही में नवजात शिशुओं में आनुवांशिक रोगों से निपटने के लिए "उम्मीद" नाम की पहल का शुभारंभ किया है. साथ ही निदान केंद्रों का उद्घाटन किया है.

---

प्रश्न 5. हाल ही में किसके द्वारा जारी की गयी रिपोर्ट के मुतबिक, वर्ष 2019 अब तक के इतिहास का सबसे गम वर्ष बन जायेगा?
क. केंद्र सरकार
ख. योजना आयोग
ग. संयुक्त राष्ट्र
घ. वर्ल्ड बैंक

**उत्तर:** ग. संयुक्त राष्ट्र – संयुक्त राष्ट्र के द्वारा हाल ही में जारी की गयी रिपोर्ट के मुतबिक, वर्ष 2019 अब तक के इतिहास का सबसे गम वर्ष बन जायेगा. इस रिपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय मौसम विभाग ने तैयार किया है और सम्मलेन के दौरान 60 से अधिक देशों के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि शामिल हुए.

---

India GK Questions Answers-(PART-4) | भारत जीके हिंदी प्रश्न उत्तर- (भाग-4)

प्रश्न 6. एम्मी अवार्ड्स 2019 में किसे आउटस्टैंडिंग ड्रामा सीरीज़ का पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
क. सेक्रेड गेम्स
ख. गेम ऑफ थ्रोन्स
ग. टर्मिनेटर 3
घ. फाइनल डेस्टिनेशन

**उत्तर:** ख. गेम ऑफ थ्रोन्स – एम्मी अवार्ड्स 2019 में गेम ऑफ थ्रोन्स को पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी आउटस्टैंडिंग ड्रामा सीरीज़ का पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. साथ ही सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी सीरीज़ के लिए 'फ्लीबैग' ने पुरस्कार जीता है.

---

प्रश्न 7. भारत की पीवी सिंधु की और महिला एकल बैडमिंटन की कोच ______ ने निजी कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है?
क. पुलीला गोपीचंद
ख. किम जी ह्युन
ग. सुमन शर्मा
घ. सुमित्रा त्यागी

**उत्तर:** ख. किम जी ह्युन – पीवी सिंधु का वर्ल्ड चैंपियनशिप में मार्गदर्शन करने वाले कोच और भारत की महिला एकल बैडमिंटन कोच किम जी ह्युन ने निजी कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. किम जी ह्युन के मार्गदर्शन में ही पीवी सिंधु ने स्विट्जरलैंड के बासेल में वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था.

---

प्रश्न 8. अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी को कौन सी बार फीफा मेन्स बेस्ट प्लेयर ऑफ द इयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?
क. दूसरी बार
ख. तीसरी बार
ग. छठी बार
घ. सातवी बार

**उत्तर:** ग. छठी बार – अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी को छठी बार फीफा मेन्स बेस्ट प्लेयर ऑफ द इयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. इससे पहले अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी को वर्ष 2009, 2010, 2011, 2012 और 2015 में भी वे बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था.

---

प्रश्न 9. इनमे से किस महिला फुटबॉलर को सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?
क. अलेक्स मॉर्गन
ख. मेगन रेपिनो
ग. मारथा
घ. लकी ब्रोंज

**उत्तर:** ख. मेगन रेपिनो – अमेरिका की महिला फुटबॉलर मेगन रेपिनो को सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. साथ ही लिवरपूल के मैनेजर जर्गेन क्लॉप को बेस्ट मेन्स कोच ऑफ द इयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है.

---

प्रश्न 10. निम्न में से किस देश में हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस-2019 मनाया गया है?
क. भारत
ख. पकिस्तान
ग. अमेरिका
घ. ऑस्ट्रेलिया

**उत्तर:** ग. अमेरिका – अमेरिका में हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस-2019 मनाया गया है. अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस-2019 का विषय "सभी को सांकेतिक भाषा के अधिकार" है. यह दिवस उन लोगो को समर्पित है. जो सुन या बोल नहीं सकते और अपनी बातो को रखने के लिए सांकेतिक भाषा का सहारा लेते हैं.

---

**बीते काल के करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी देखे:**

## 24 सितम्बर 2019 करेंट अफेयर्स

DOWNLOAD PDF

**admin**